हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, सोमवार 27 अप्रैल 2026

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड



## खबर संक्षेप

### कृषि दवा विक्रेताओं की हड़ताल आज

**धमतरी।** खाद एवं कृषि दवाई, बीज विक्रेता संघ धमतरी द्वारा विभिन्न समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर 27 अप्रैल को एकदिवसीय सांकेतिक हड़ताल की घोषणा की गई है। इस दौरान जिले के सभी कृषि आदान व्यापारी अपने प्रतिष्ठान बंद रखेंगे और जिलाधीश को ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के समाधान की मांग करेंगे। संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि एग्रो इनपुट डीलर्स एसोसिएशन नई दिल्ली के आह्वान पर देशभर के लगभग 5 लाख व्यापारी इस हड़ताल में शामिल हो रहे हैं।

### इंडी गठबंधन का पुतला दहन आज

**धमतरी।** भारतीय जनता पार्टी जिला एवं शहर मंडल धमतरी द्वारा नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर इंडी गठबंधन के रुख के विरोध में आक्रोश प्रदर्शन किया जाएगा। पार्टी के अनुसार लोकसभा में इस अधिनियम को गिराए जाने से विपक्ष का महिला विरोधी चेहरा उजागर हुआ है। इसी विषय को लेकर मंडल स्तर पर आक्रोश व्यक्त करते हुए पुतला दहन कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का आयोजन 27 अप्रैल सोमवार को शाम 5 बजे छत्रपति शिवाजी महाराज चौक धमतरी में किया जाएगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए भाजपा शहर मंडल धमतरी के अध्यक्ष पवन गजपाल, महामंत्री द्वय गौरव मगर एवं राजीव चंद्राकर तथा भाजपा महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष पूजा कुंजाम ने सभी से उपस्थिति की अपील की है।

### मनमानी : सड़क की गुणवत्ता को लेकर उठ रहे सवाल, काम की धीमी गति ने बढ़ाई राहगीरों की मुश्किलें

# परसुली से बनियातोरा तक सड़क निर्माण में बरती जा रही लापरवाही, मुरुम के साथ गिट्टी डालने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

परसुली से बनियातोरा के बीच पुल-पुलिया सहित 3.4145 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले सड़क निर्माण कार्य कछुआ चाल का शिकार हो गया है। निर्माण कार्य शुरू हुए तीन माह हो चुका है, लेकिन कार्य के गति इतनी धीमी है कि अब तक केवल मुरुम बेस किया गया। ठेकेदार की इस सुस्ती और विभागीय अनदेखी के कारण क्षेत्र के ग्रामीणों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

धूल के गुबार से राहगीर हलाकान हैं। बरसात लगने से पहले इस सड़क का काम पूरा होने में संशय है। ग्रामीणों का





कहना है कि यदि इसी गति से कार्य चलता रहा तो मानसून आने तक डामरीकरण का कार्य पूरा नहीं हो पाएगा। उल्लेखनीय यह है कि परसुली से बनियातोरा पक्की सड़क निर्माण में मानकों व गुणवक्ता की भी अनदेखी की जा रही है। इस सड़क पर बिना पानी छिड़काव के मुरुम पर गिट्टी डाला जा रहा है।

निर्माणधीन सड़क की गुणवक्ता को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे है। सड़क निर्माण के तकनीकों मानकों को ताक पर रखकर ठेकेदार द्वारा घोर लापरवाही बरती जा रही है। मुरम बेस की मजबूती के लिए पानी अनिवार्य है। स्प्रिकलिंग टैंकर से पानी छिड़काव किए बिना ही रोलर चलाया गया। अब उस पर सीधे गिट्टी और डस्ट डाल रहे है। देखा जाए सड़क पहली बारिश भी नहीं झेल पाएगी।

#### मुरुम बेस के समय पानी डालना अनिवार्य

जानकारों के अनुसार मुरुम बेस की रोलिंग के समय पानी डालना अनिवार्य है। ताकि, बेस मुरुम ठोस हो सके। बिना पानी के सूखी मुरुम पर गिट्टी बिछाने से सड़क की पकड़ कमजोर होती है। पहली बारिश होते ही पानी नीचे रिसेगा और सूखी मुरुम बैठने लगेगी, जिससे करोड़ों की लागत से बन रही सड़क धंस जाएगी। ठेकेदार की लापरवाही कहा जाए या विभाग की अनदेखी, इस सड़क की गुणवत्ता नजरअंदाज कर केवल खाना पूर्ति ही की जा रही है। करोड़ों की लागत से बन रही नई सड़क भ्रष्टाचार और प्रशासनिक ढिलाई की भेंट चढ़ती नजर आ रही है। सड़क निर्माण पिछले तीन महीने से कछुआ गति से चल रहा है, जिससे स्थानीय ग्रामीणों में भारी रोष है।



### चिंगरौद में प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ

**महासमुंद।** ग्राम चिंगरौद में चिंगरौद प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि जनपद पंचायत उपाध्यक्ष हुलसी जितेंद्र चंद्राकर थी। कार्यक्रम का आगाज़ मुख्य अतिथि द्वारा फीता काटकर और राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत राष्ट्रगान के सस्वर गायन के साथ किया गया। उन्होंने मैदान में उतरकर सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए कहा कि ऐसे ग्रामीण स्तरीय आयोजनों से ही देश को बेहतरीन खेल प्रतिभाएं मिलती हैं, जो आगे चलकर क्षेत्र का नाम रोशन करती हैं। इस अवसर पर ग्राम पंचायत चिंगरौद के सरपंच छेरकू जलक्षत्री, उपसरपंच छन्नू सिन्हा, पंचगण नारद ध्रुव, उत्तरा जलक्षत्री आदि मौजूद रहे।

## छात्रों को शारीरिक फिटनेस व मानसिक एकाग्रता की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पीएमश्री स्वामी आत्मानंद स्कूल तुमगांव में छात्रों के समग्र स्वास्थ्य और पोषण जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए एक विशेष योग सत्र और पोषण आहार कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत योग और ध्यान सत्र से हुई, जिसमें स्कूल के शिक्षकों और छात्रों ने मिलकर विभिन्न आसनों का अभ्यास किया। योग प्रशिक्षक गीता पटेल ने छात्रों को शारीरिक फिटनेस, मानसिक एकाग्रता और तनाव मुक्ति के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और योग को अपनी दैनिक दिनचर्या में शामिल करने का संकल्प लिया। इसके बाद पोषण आहार सत्र का आयोजन हुआ। जिसमें स्थानीय पौष्टिक भोजन, संतुलित आहार के लाभ और कुपोषण से बचाव के उपायों पर



चर्चा की गई। छात्रों को पोषण युक्त व्यंजनों के बारे में बताया गया और स्कूल परिसर में पोषण आहार की प्रदर्शनी भी लगाई गई। इस अवसर पर छात्रों ने स्वस्थ भोजन की आदतों को अपनाने की शपथ ली। स्कूल प्राचार्य देवेन्द्र अगलावे ने बताया कि यह कार्यक्रम पीएमश्री योजना के अंतर्गत छात्रों के शारीरिक, मानसिक और पोषण स्वास्थ्य को मजबूत बनाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में स्कूल शिक्षक एल कुरील, आईएल साहू, केआर साहू, सत्यदेव गेंद्रे, अश्विनी धीवर, तिलक शर्मा, कामता प्रसाद साहू, पवन कुमार डडसेना, रोहित लहरे, देवेश कुमार, ज्योति सिंह, हेमलता साहू, कुसुम कुजूर, सविता ध्रुव, अंकिता ठाकरे, गीतिका कौशिक, गीता पटेल, सिद्धांत गायगौरे, सुरेश यादव, सागर झा, सत्यम पांडेय, नवीन कुमार दास, तरुण कुमार सिन्हा, लोकेश साहू, डोलेश होता, लक्ष्मी नारायण साहू, सजल चंद्राकर, मधुरिमा शर्मा, बरखा शर्मा, भारती भार्गव, वेनिका लकरा, प्रियंका बारिहा, लिली मजखंड, नलिनी ध्रुव, चेतना फेकर, प्रगति साहू आदि मौजूद रहे।

## सरस्वती शिशु मंदिर में स्थानीय कक्षाओं के परीक्षा परिणाम घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्थानीय भलेसर मार्ग पर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर उमावि में सत्र 2025-26 की परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इस अवसर पर आदर्श शिक्षा मंडल समिति के उपाध्यक्ष संध्या शर्मा, विद्यालय के पूर्व प्रधानाचार्य कृष्णा चंद्राकर, विद्यालय के प्राचार्य देवराज वर्मा उपस्थित थे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती ओम एवं भारत माता के तैल्य चित्र पर पुष्प अर्पण, तिलक लगाकर एवं दीप प्रज्ज्वलित किया गया। तत्पश्चात विद्यालय के परीक्षा प्रभारी मनोज साहू एवं हेमंत साहू द्वारा कक्षा पंचम, अष्टम, दशम एवं द्वादश को छोड़कर अन्य सभी कक्षाओं की परीक्षा परिणाम की घोषणा किया गया1 जिसमें कक्षा अरुण, उदय, प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ, षष्ठ, सप्तम का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा1 कक्षा नवम का परीक्षा परिणाम 94.91 एवं कक्षा एकादश के गणित, विज्ञानं, एवं कामर्स समूह का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिश रहा। जिसमें कक्षा अरूण से प्रथम जीविका थानेकर, द्वितीय लुकेश्वरी



ध्रुव रही। इसी तरह कक्षा उदय में प्रथम प्रियांशी जलछत्री, द्वितीय सौम्या साहू, तृतीय साधना ध्रुव, कक्षा प्रथम से प्रथम वेदिका साहू, द्वितीय पुष्कर यादव, तृतीय नव्या गोस्वामी, कक्षा द्वितीय से प्रथम गोपाल साहू, द्वितीय जिज्ञांश सिन्हा, तृतीय कुमारी हितांशी ध्रुव, कक्षा तृतीय से प्रथम अंजली मधुकर, द्वितीय विनय वास, तृतीय मोनिका सिन्हा। कक्षा चतुर्थ से प्रथम आयुष चक्रधारी, द्वितीय वंश प्रजापति, तृतीय डोमेश कुमार सिन्हा, कक्षा षष्ठ से प्रथम साक्षी साहू, द्वितीय चुन्नी पटेल, तृतीय काव्या गोस्वामी, कक्षा सप्तम से प्रथम अंश कुमार साहू, द्वितीय कुमकुम चक्रधारी, तृतीय भीमेश सेन, कक्षा नवम से प्रथम दुष्यंत कुंभकार,द्वितीय यशराज साहू, तृतीय ऐश्वर्या चंद्राकर, कक्षा एकादश (मैथ्स, बायो, कॉमर्स समूह ) में प्रथम प्रिया सिन्हा, द्वितीय जिया वर्मा, तृतीय कामता चंद्राकर रहे।

परीक्षा में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले इन सभी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार एवं प्रगति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। अन्य छात्र-छात्राओं को प्रगति पत्र का वितरण किया गया। कक्षा तृतीय से एकादश तक उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले ये सभी छात्र-छात्राएं आगामी 12 मई को आयोजित होने वाले मेधावी छात्र परीक्षा में हिस्सा लेंगे। यह परीक्षा सरस्वती शिशु मंदिर बागबाहरा में आयोजित होगा। आभार प्रदर्शन विद्यालय के प्राचार्य देवराज वर्मा ने किया। इस अवसर पर वरिष्ठ आचार्य एवं परीक्षा सहायक शिवकुमार कन्नौजे, बलराम सेन, अश्वनी साहू, किरण साहू, तुलसीराम पटेल, अजय तांडी, खोजेंद्र कुमार साहू कुंजलाल पटेल, पवन निर्मलकर, ललित सिन्हा, आचार्या दुर्गेश नंदनी चंद्राकर, सरोजनी साव, तारणी गोस्वामी, मल्लिका चंद्राकर, किरण सोनी, गुरुवारी सोनी, उत्तरा सिन्हा, निशा गोस्वामी, टिकेश्वरी चंद्राकर, अर्चना साव, साक्षी घोड़ेचोरे आदि मौजूद रहे। उक्त जानकारी विद्यालय के प्रचार प्रसार प्रमुख पवन निर्मलकर एवं ललित कुमार सिन्हा ने दी है।

भावपूर्ण श्रद्धांजलि

जन्म
12 मई 1942



स्वर्गारोहण
18 अप्रैल 2026

स्व. मनोरथ लाल यादव

जिला संरक्षक (अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा महासमुंद (छ.ग.)
पूर्व अध्यक्ष (फुलझर राज यादव समाज सरायपाली बसना क्षेत्र)

दशकर्म एवं गंगाभोज
दिनांक- 27 अप्रैल 2026, दिन - सोमवार
स्थान- गृह निवास मेन रोड, महलपारा, सरायपाली

आपका स्नेहिल सरल व्यवहार, अथक परिश्रम, निष्ठा धर्म व समाज के प्रति निःस्वार्थ सेवा भाव से अपनी जिम्मेदारिया निभाना, आपके जीवन मूल्य एवं जिंदा दिल व्यक्तित्व हमें हमेशा प्रेरणा एवं मार्गदर्शन प्रदान करता रहेगा....

:: शोकाकुल ::
रामरथ (भाई), भोला, गणेश, संजीव, दयाशंकर, दिपक, मुकेश, मयंक (भतीजा) तुषार, ईशान, कोमल, अम्बर, सारांश, मयंक (मोंटी), धनेश्वर, देवेश, दिव्य, ऋषि, लक्षित, योगेश (नाती) तृप्ति, चारू, गरिमा, परी (ननतीत) प्रिंस, सितेश (पोता) ललित किशोर (भांजा), प्रेमसाय, पिंगेलाल (साला)

-:: विनीत ::-
नरेन्द्र कुमार- श्रीमति पद्मा यादव (पुत्र-पुत्रवधु), दिनेश कुमार- श्रीमति नीतु यादव (पुत्र-पुत्रवधु)
राजेन्द्र कुमार (राजू)- कुमकुम यादव (पुत्र-पुत्रवधु), श्रीमति खेमलता- कृष्ण कुमार यादव (बेटी-दामाद)
श्रीमति अन्नपुर्णा- अंजू कुमार यादव (बेटी-दामाद), कु. विनिता यादव (पुत्री)
मो. नं. 9425548764, 9009332910, 9926174192, 9009756631

टीप- जिस किसी आत्मीय स्वजन को शोकपत्र ना मिला हो वे कृपया इसे स्वीकर करें।

### मातृशक्तियों के लिए चेतना विकास मूल्य शिक्षा महत्वपूर्णः दिशा

**महासमुंद।** राज्य स्तरीय चेतना विकास मूल्य शिक्षा कार्यशाला का आयोजन संकुल केंद्र खट्टा में किया गया। शिक्षक गेंदलाल कोकड़िया ने बताया कि कार्यशाला में शिक्षा क्या, शिक्षा क्यों, जीवन विद्या अध्ययन का महत्व, परिवार, समाज, मानव, न्याय, धर्म, सत्य, मूल्य, अस्तित्व, अखंड समाज आदि विषयों पर संवाद हुआ। कार्यक्रम में उपस्थित महासमुंद जनपद पंचायत अध्यक्षा दिशा रामस्वरूप दीवान ने कहा कि बच्चों में चेतना विकास मूल्य शिक्षा के लिए हर मातृशक्तियों को जीवन विद्या अध्ययन शिविर और चेतना विकास मूल्य शिक्षा कार्यशाला चाहिए। सुखी, समृद्ध व्यक्ति और सुखी समृद्ध परिवार निर्माण के लिए बहुत जरूरी है। शिक्षकों, अभिभावकों, समाज सेवकों, जनप्रतिनिधियों, महिलाओं, रसोइयों, प्रधान पाठकों, शाला प्रबंधन विकास समिति अध्यक्षों व सदस्यों को जीवन विद्या अध्ययन आधारित चेतना विकास मूल्य शिक्षा शिविर अनिवार्य रूप से करने का आग्रह किया। सभा में झलप से थानूराम पटेल, रायतुम से संतोष कुमार साहू, पटेवा से सुशील आर्य, तोरला से मनीराम यादव ने भी राष्ट्रीय शिक्षा नीति और चेतना विकास मूल्य शिक्षा और जीवन विद्या अध्ययन को शैक्षिक पाठ्यक्रम एवं पुस्तकों में शामिल करने का आग्रह किया है।

## राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न अवार्ड से सम्मानित हुए महासमुंद जिले के शिक्षक

**बसना।** रायपुर में 25 अप्रैल 2026 को राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न सम्मान सह राष्ट्रीय शैक्षिक संप्रवाह 2025-26 का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम नवाचारी गतिविधियाँ समूह भारत द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें देशभर से आए शिक्षकों ने भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देना और उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को सम्मानित करना रहा।

गुणात्मक लब्धियों को लक्ष्य बनाकर करें कार्य। उक्त बातें प्रो. जेएन पांडेय उत्कृष्ट विद्यालय रायपुर के सभा हाल में आयोजित कार्यक्रम में डॉक्टर बी. रघु ने कही। माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर के उप सचिव डॉ रघु ने राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न सम्मान सह राष्ट्रीय शैक्षिक संप्रवाह कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि विजन, मिशन और लक्ष्य को सीढ़ी बनाकर काम करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि कार्य में आत्मसंतुष्टि होना चाहिए। सामुदायिक सहभागिता को नवाचार में शामिल करने की अपील की। समग्र शिक्षा रायपुर छत्तीसगढ़ के उप संचालक एके सारस्वत ने कहा कि आप सभी नवाचारी शिक्षकों के स्तंभ पर विभाग खड़ा है। नवाचार का कभी अंत नहीं होता। रायपुर के जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारती ने कहा कि आपका ग्रुफ नवाचारी नही है बल्कि परिवर्तनकारी है। सभा को अरुण कुमार शर्मा डीएमसी रायपुर एवं प्राचार्य शुचिता पांडेय ने भी संबोधित किया।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य से कुल 160 शिक्षक-शिक्षिकाओं को उनके अभिनव शिक्षण कार्यों और शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। महासमुंद जिले से चयनित शिक्षकों में अक्की रेड्डी चंद्रशेखर डोरा (महासमुंद), सुशील प्रधान (बसना), दीपा महर (बागबाहरा), पुष्कर पटेल (बागबाहरा), कैलाशचंद्र पटेल (सरायपाली) एवं खेमलता प्रधान (पिथौरा) शामिल रहे। इन सभी शिक्षकों को उनके उत्कृष्ट प्रयासों और विद्यार्थियों के समग्र विकास में दिए गए योगदान के लिए सराहा गया। साथ ही समूह में निरंतर सहयोग और सक्रिय सहभागिता के लिए उत्तरा कुमार चौधरी को विशेष सम्मान प्रदान किया गया।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बावासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

तापमान

अधिकतम 42.2 डिग्री

न्यूनतम 26.6 डिग्री

हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, सोमवार 27 अप्रैल 2026

12 पंजाब में आगामी विधानसभा चुनाव के ...



12 बागबाहरा में धूमधाम से मनाया गया भगवान ...





## खबर संक्षेप

### एक्सीडेंट में कार क्षतिग्रस्त

**महासमुंद।** घोड़ारी के केसरिया ढाबा के पास एक्सीडेंट में एक कार क्षतिग्रस्त हो गई। मामले में सिटी कोतवाली में आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को खुमान साहू निवासी रायपुर ने बताया कि 25 अप्रैल को वह अपनी स्विफ्ट डिजायर कार क्र सीजी 13 एएक्स 2325 में रायपुर से पैसेंजर लेकर सारंगढ़ जा रहा था। शाम करीबन 04.30 बजे वह एनएच 53 रोड केसरिया ढाबा के पास ग्राम घोडारी पहुंचा था और गाड़ी को धीरे करके केसरिया ढाबा में रूकने के लिए इंडिकेटर देकर मोड़ बाएं मोड़ रहा था, उसी समय अचानक पीछे रायपुर रोड की ओर से आ रही मारूति स्विफ्ट कार क्र यूपी 44 बीआर 6636 के चालक द्वारा अपनी कार को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाते आकर उसकी कार को पीछे से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। जिससे उसकी कार क्षतिग्रस्त हो गई। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।



### महिला से बहू और ससुर ने की मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम धनसुली में एक महिला के साथ पड़ोस में रहने वाले बहू और ससुर ने मारपीट कर दी। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध कोतवाली थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को रीतु साहूने बताया कि 26 अप्रैल को उसके माता-पिता दोनो काम पर गये थे। घर में वह अकेली थी। करीबन 11 बजे उसके पड़ोस में रहने वाली सुमन धीवर अपने ससुर मोहन धीवर के साथ उसके घर में आए और कमरे में घुस गए। इस दौरान सुमन धीवर ने पीठ में मारा एवं हंसिया से मुझे मारने लगी। इस दौरान मोहन धीवर ने भी चप्पल से मारपीट किया। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 296, 115(2), 351(3), 333, 3(5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### खेतों में चलने से धान की फसलों को भारी नुकसान, ग्रामीणों व किसानों की बढ़ी परेशानी



# महीनों बाद सिरपुर क्षेत्र में हाथियों की धमक 12 गांवों में दहशत, वन विभाग ने कराई मुनादी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



महीनों बाद एक बार फिर सिरपुर क्षेत्र में एक दंतैल हाथी ने दस्तक दे दी है। इससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। हालांकि, जान माल को क्षति नहीं पहुंचाई है। लेकिन, खेतों में चलने से रबी धान फसलों को भारी नुकसान हुआ। इससे किसानों की परेशानी और बढ़ गई है। इधर, हाथी आने की सूचना के बाद वन विभाग अमला ने 12 गांवों में अलर्ट रहने मुनादी करा दी है। शाम के समय आवागमन नहीं dकरने व घरों से नहीं निकलने की हिदायत दी गई है। विभागीय अधिकारियों ने मिली जानकारी के अनुसार शनिवार की रात सिरपुर क्षेत्र में दंतैल हाथी के प्रवेश के बाद ग्रामीणों के लिए अलर्ट जारी किया है। एक दंतैल हाथी ने रात्रि कक्ष क्रमांक 3, 4, 5 के जंगल से होते हुए सिरपुर रोड को पार कर ग्राम सेनकपाट के खेत से वापस होकर फिर सिरपुर रोड को पार कर कक्ष क्रमांक 5, 4, 3 के जंगल में प्रवेश किया है। जहां अभी भी विचरण करने की खबर है।

### किसानों की बढ़ी चिंता

बता दें कि सिरपुर क्षेत्र के इन गांवों में किसानों द्वारा रबी धान फसल जा रही है। खेतों में धान पककर तैयार है। जहां किसानों व ग्रामीणों की चहल-पहल है। यहां दंतैल हाथी के पहुंचने के बाद गांवों में भय का माहौल बना हुआ। बताया जाता है कि दंतैल के खेतों में चलने से रबी धान फसलों को भार नुकसान पहुंचा है। खेतों में हाथी के चलने धान फसल को भारी नुकसान पहुंचा है। इससे किसानों की चिंता बढ़ गई है।

### इन गांवों के लिए अलर्ट

वन विभाग ने ग्राम सिरपुर, सेनकपाट, खमतराई, रायकेरा, मरौद, अमलोर, सुकुलबाय, केशलडीह, खड़सा, फुसेराडीह, लहंगर, मोहकम के ग्रामीणों से सतर्क रहने कहा है। वहीं शाम को आवागमन नहीं करने व घरों से नहीं निकलने की हिदायत दी गई है। ग्रामीणों को अलसुबह या शाम को खेत की तरफ नहीं जाने की अपील की गई है।

**कार्रवाई :** एक करोड़ से अधिक राशि के लेनदेन की जानकारी, महासमुंद पुलिस ने की कार्रवाई

# आईपीएल सट्टा पर बड़ी कार्रवाई, रायपुर और बेमेतरा से मास्टरमाइंड एडमिन सहित 6 सटोरिए गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



आईपीएल मैचों के दौरान ऑनलाइन सट्टा संचालित किए जाने के मामले में कोतवाली पुलिस ने रायपुर और बेमेतरा से मास्टरमाइंड एडमिन समेत 6 सटोरियों को गिरफ्तार किया है। विवेचना के दौरान पुलिस को एक करोड़ से अधिक राशि के लेनदेन से संबंधी जानकारी मिली है।

पुलिस के अनुसार ये लोग स्थान बदलकर अलग अलग जगहों में छिपकर ऑनलाइन सट्टेबाजी करते थे। आरोपियों के कब्जे से 2 लैपटाप, 1 टेबलेट, 22 मोबाइल एवं 1 करोड 15 लाख रुपए के ऑनलाइन सट्टा का रिकार्ड जब्त किया गया है। पुलिस के अनुसार प्रकरण के मुख्य एडमिन निशांत द्वारा पैनल को ऑपरेट किया जाता था और अनय को आईबीचे जाती थी एवं सट्टे के पैसे का डिस्ट्रीब्यूशन और रेग्यूलेट किया जाता था। बता दें कि पूर्व में भी ऑनलाइन सट्टा के प्रकरण में थाना महासमुंद में 6 आरोपियों की गिरफ्तारी की गई थी, जो पावर एक्स वाट्सअप ग्रुप के माध्यम से ऑनलाइन सट्टेबाजी में लिप्त थे।

पुलिस ने बताया कि थाना महासमुंद अंतर्गत जुआ सटोरियों के खिलाफ विशेष अभियान चलाने के लिए निर्देश मिले हैं। उक्त निर्देश के परिपालन में पूर्व 08.04.2026 को बाबा फेमिली ढाबा घोड़ारी महासमुंद के पास आरोपियों को अवैध रूप से पॉवर एक्स व्हाट्सअप ग्रुप के माध्यम से ऑनलाइन सट्टा खेलते-खिलाते आरोपी दीपेश गोस्वामी उर्फ सुमन महासमुंद, मनीष शर्मा रायपुर, हितेश उर्फ मोनू रायपुर, हितेश उर्फ पिंकू साहू रायपुर, नवनीत देवांगन रायपुर, उज्ज्वल देवांगन दुर्ग को गिरफ्तार किया गया था।

इस प्रकरण की विवेचना के दौरान तकनीकी एनालिसिस एवं मुखबिर के माध्यम से उक्त ऑनलिन सट्टा में मुख्य एडमिन और अन्य सटोरियों के भी संलिप्त होने की जानकारी मिली थी। तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस टीम द्वारा रायपुर से संदेहियों को अभिरक्षा में लिया गया। जिन्होंने तकनीकी विश्लेषण एवं पूछताछ में पॉवर एक्स व्हाट्सअप ग्रुप के माध्यम से आईपीएल मैचों में ऑनलाईन पैनल UNCLEBAT9, UNCLE 777.com, Grand777.com, PowerExch.com WazirExch.com, Classic7777.com, GrandExch.com, God777.com के माध्यम से लगभग 01 करोड़ 15 लाख रुपए का सट्टे का रिकार्ड पाया गया।

### छह आरोपी गिरफ्तार किए गए

मामले में आरोपी दुर्गेश डहरे उर्फ योगेश पिता जीवन लाल डहरे (33 वर्ष) भाठागांव रायपुर थाना टिकरापारा जिला रायपुर, ललित चावला पिता स्व सेवक राम चावला (41 वर्ष) महावीर नगर रायपुर थाना राजेंद्र नगर रायपुर जिला रायपुर, अंशु बग्गा पिता प्रीतपाल सिह बग्गा (31 वर्ष) वार्ड 08 बेमेतरा थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा जिला बेमेतरा, सौरभ जैन पिता स्व सुभाष जैन (38 वर्ष) सेक्टर 16 डीडी नगर थाना डीडी नगर रायपुर जिला रायपुर, विजय वर्मा पिता बाला राम वर्मा (39 वर्ष), वार्ड नं 12 नरदहा थाना विधानसभा रायपुर जिला रायपुर एवं निशांत नागवानी पिता किशोर नागवानी (34 साल), निवासी देवपुरी, वार्ड नं. 52 रायपुर जिला रायपुर को जुआ एक्ट के साथ आईटी एक्ट की धाराओं के तहत गिरफ्तार किया गया।

### बसना में शराब बरामद तीन लोगों पर कार्रवाई

**महासमुंद।** बसना पुलिस ने शराब के अवैध बिक्री और परिवहन के दो मामलों में तीन लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। पुलिस ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली थी कि बोहरडीह जाने वाले कच्चे रास्ते पर बजाज शोरूम के पीछे बेहरा पेड़ के पास एक व्यक्ति अवैध शराब बिक्री के लिए रखकर ग्राहक का इंतजार कर रहा है। इसके बाद मौके पर पहुंचकर पुलिस ने उक्त संदेही व्यक्ति से पूछताछ की, जिस पर उसने अपना नाम गजेंद्र साव पिता स्व. लखपति साव (23 साल) छुईपाली थाना बसना होना बताया। आरोपी के कब्जे से 20 लीटर हाथ भट्ठी निर्मित महुआ शराब कीमत 4000 रुपए को बरामद किया गया। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। वहीं दूसरे मामले को लेकर पुलिस ने बताया कि ग्राम पड़कीपाली के पास दो व्यक्तियों द्वारा एक्टिवा वाहन से अवैध शराब परिवहन किए जाने की सूचना मिली थी। इसके बाद मौके पर पहुंचकर पुलिस ने एक्टिवा स्कूटी क्रमांक सीजी 06 एचडी 5109 को रोका। जिसमें दो लोग सवार थे। पूछताछ में उन्होंने अपने नाम अमित अग्रवाल पिता महेंद्र अग्रवाल (40 साल) वार्ड नंबर 13 बसना एवं पीछे बैठे व्यक्ति ने अपना नाम रूपेश साहू पिता गोपाल दास साहू उम्र 27 साल झलमला होना बताया। आरोपियों के कब्जे से 80 पौवा शोले देशी प्लेन शराब कीमत 6400 रुपए और वाहन कीमत 25000 रुपए को बरामद किया गया।



### रबी धान फसल की कटाई शुरू

**नर्रा।** इन दिनों क्षेत्र में भीषण गर्मी पड़ रही है। इसी बीच साधन संपन्न ट्यूवेल वाले किसानों की धान फसल पककर तैयार है। कई जगह कटाई भी शुरू हो गई है। भीषण गर्मी में गिरते भू जल स्तर, लो वोल्टेज की भी समस्या है। कुछ किसानों का सबमर्सिबल मोटर पंप जवाब देने लगे है। सूरज की तपिश के कारण फसल झुलसकर मर रहे है। इधर, जोंक नदी के किनारे बसे गांवों के ग्रामीण फसल बचाने जद्दोजहद कर रहे है। जल संकट के हजारों एकड़ की फसल मरने की कगार पर है। सुबह 8 बजते ही सूरज अपना तेवर दिखाना शुरू कर देता है। तामपान 42 डिग्री से पार है। इस चिलचिलाती धूप से बचने के लिए मजदूर सुबह 6 बजे से धान की कटाई कार्य में जुट रहे।

## गाय को राष्ट्रमाता घोषित करने आज निकलेगी रैली

**महासमुंद।** गौ सेवा आयोग के जिला अध्यक्ष नीलेश पटेल ने बताया कि 27



अप्रैल सोमवार को गाय को राष्ट्र माता घोषित करने की मांग को लेकर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री एवं राज्यपाल के नाम अनुविभागीय दंडाधिकारी एवं तहसीलदार महासमुंद को ज्ञापन सौंपा जाएगा। यह यात्रा सुबह 10 बजे लोहिया चौक से तहसील कार्यालय महासमुंद तक भजन संकीर्तन एवं शांति पूर्ण ढंग से नारेबाजी करते हुए रैली के रूप में निकलेगी। उन्होंने सभी गौ सेवकों को कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

# वाहन मालिक ने खाली टैंकरों को लेने से किया इनकार, गैस चोरी की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

थाना सिंघोड़ा में बीते दिसंबर माह में गैस से भरे हुए 06 एलपीजी कैप्सूल टैंकर वाहन जब्त किये गए थे, जिन्हें वापस प्राप्त करने के लिए वाहन स्वामी ने पहले सरायपाली न्यायालय में आवेदन दिया। वहां से राहत न मिलने पर उसने उच्च न्यायालय की शरण ली। अंततः उच्च न्यायालय से जमानत के साथ वाहन को सुपर्द करने का आदेश जारी किया गया।

इस बीच लगभग 3 माह तक वाहन थाने में ही खड़े रहे और वाहनों की सुपुर्दगी लेने के लिए आने के कुछ दिनों पूर्व ही टैंकर वहां से गायब हो गए। थाना प्रभारी द्वारा टैंकरों को खाद्य विभाग के सुपुर्द करने की बात वाहन स्वामी को बताई गई। जबकि, खाद्य विभाग द्वारा थाने में ही चर्चा करने के लिए कहा गया। इस प्रकार कुछ दिनों तक दोनों विभागों द्वारा वाहन स्वामी को गोलमोल जवाब देते हुए परेशान किया गया और टैंकरों के बारे में उन्हें सही जानकारी नहीं दी गई। इससे तंग आकर वाहन स्वामी ने वाहनों में लगे जीपीएस की सहायता से वाहनों का पता लगाया तो उन्हें यहां से लगभग 200 किलोमीटर दूर अभनपुर के एक निजी कंपनी में टैंकरों के होने की जानकारी मिली। वहां पहुंचकर देखने पर टैंकरों से गैस ही गायब थी। जबकि टैंकर जब्ती के समय उसमें गैस भरा हुआ था। अब वाहन स्वामी पर टैंकरों को उसी हालत में वापस लेने का दबाव बनाया जा रहा है। अब सबसे बड़ा प्रश्न यह उठता है कि आखिरकार लाखों की कीमत का हजारों किलोग्राम गैस कहां गायब हो गयी? तीन माह तक टैंकर थाने में खड़े रहे तो ऐन सुपुर्दगी से पहले ही उसे क्यों हटा दिया गया? थाना प्रभारी व खाद्य विभाग ने वाहन स्वामी को सही जानकारी क्यों नहीं दी? वाहन स्वामी द्वारा कलेक्टर महासमुंद से गैस चोरी की शिकायत की गई है। जिसकी जांच की जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार आवेदक टैंकरों के पंजीकृत स्वामी एमएस एवरग्रीन ट्रेलर सर्विस प्रो. के सुब्रमन्यम द्वारा कलेक्टर महासमुंद को दिये आवेदन के अनुसार तीन एलपीजी टेंकर वाहन क्रमांक सीजी 07 सीएस 7244, सीजी 07 सीएस 7245 एवं सीजी 07 सीएस 1663 को थाना सिंघोड़ा जिला महासमुंद के अपराध क्रमांक 96/2025 व दांडिक प्रकरण क्रमांक 67/2026, शासन विरुद्ध प्रकाश गुप्ता वगैरह अंतर्गत धारा 305 ई. 287 3 (5) भारतीय न्याय सहिंता एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3,7 के अनुसंधान में 24/12/2025 को कागजात जब्त कर थाना सिंघोड़ा में रखा गया था। आवेदक द्वारा भूपेंद्र कुमार साहू को उपरोक्त तीनों एलपीजी वाहन को सुपुर्दनामा में प्राप्त करने के लिए आम मुख्यार नियुक्त कर सरायपाली न्यायालय में सर्वप्रथम 5 जनवरी 2026 को आवेदन प्रस्तुत किया गया। खारिज किये जाने पर उनके द्वारा अतिरिक्त सत्र न्यायालय सरायपाली के समक्ष पुनरीक्षण आवेदन प्रस्तुत किया गया, वहां से 16 फरवरी 2026 को निरस्त किया गया। उक्त आदेश से क्षुब्ध होकर आवेदक ने वाहनों को सुपुर्दनामा में प्राप्त करने के लिए उच्च न्यायालय बिलासपुर के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया। उच्च न्यायालय द्वारा 6 अप्रैल 2026 को प्रति वाहन 20 लाख रुपए के व्यक्तिगत बंधपत्र (जमानतदार) व निजी मुचलका के साथ आवेदक/सुपुर्ददार को दिए जाने का निर्णय पारित किया गया।

उक्त आदेश के परिपालन में वाहन का सुपुर्दनामा प्राप्त करने आवेदक 9 अप्रैल 2026 को थाना सिंघोड़ा पहुंचा। जहां उन्हें वाहन को 2-3 दिन बाद ले जाने की बात कही गई। 3 दिन बाद पुनः जाने पर थाना प्रभारी द्वारा वाहनों को सुरक्षार्थ खाद्य विभाग के सुपुर्द करने की बात कहकर 2-3 दिन और इंतजार करने कहा गया। 6 दिन बाद पुनः जाने पर उन्हें खाद्य विभाग से संपर्क करने कहा गया। इसी तरह जब आवेदक ने खाद्य विभाग महासमुंद से संपर्क किया, तो उनके द्वारा उन्हें थाना प्रभारी सिंघोड़ा से संपर्क करने कहा गया। इस प्रकार 4-5 दिनों तक थाना प्रभारी व खाद्य अधिकारी गोलमोल जवाब देकर उन्हें घुमाते रहे और वाहन को सुपुर्दनामे में नहीं दिया गया। आवेदक को संदेह होने पर उन्होंने अपने तीनों वाहनों को जीपीएस से ट्रैक किया तो उन्हें ज्ञात हुआ कि वाहन स्वामी को बिना जानकारी दिये वे वाहन एक निजी कंपनी ठाकुर पेट्रोकेमिकल्स प्राइवेट लिमिटेड में भेज दिये गए हैं।

इस जानकारी के बाद 17 अप्रैल को आवेदक द्वारा थाना प्रभारी सिंघोड़ा और खाद्य अधिकारी से चर्चा करने पर आनन फानन में उसी दिन वाहन सुपुर्दनामे के लिए दो पुलिस स्टाफ उपलब्ध कराकर उन्हें उक्त निजी कंपनी में भेज दिया गया। वाहन प्राप्त करने के लिए उन्हें एक गेट पास के साथ घोषणा पत्र भरने के लिए दिया गया, जिससे उन्हें संदेह होने पर उन्होंने तीनों वाहनों को दिखाने का आग्रह किया। वाहनों को देखने पर टैंकरों के वाल्व (सुरक्षा सील) टूटे मिले। जहां से गैस लोडिंग व अनलोडिंग होता है। कंपनी के कर्मचारी से पूछने पर उसने वाहन उसी अवस्था में प्राप्त होने की बात कही। आवेदक द्वारा वाहनों की जांच करने पर पाया कि उसमें से गैस निकाली जा चुकी है, जबकि थाना सिंघोड़ा द्वारा जब्ती के दौरान तीनों वाहनों में कुल लगभग 53 हजार किलोग्राम गैस भरी हुई थी। आवेदक ने कलेक्टर को दिये पत्र में लिखा है कि गैस न होने की जानकारी देने पर थाना प्रभारी सिंघोड़ा एवं खाद्य अधिकारी महासमुंद द्वारा एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाया गया और आवेदक पर वाहनों को उसी स्थिति में ले जाने के लिए दबाव बनाया गया। आखिरकार वाहन स्वामी ने अभी तक वाहनों को सुपुर्दनामा पर प्राप्त नहीं किया है।



## खबर संक्षेप



### भाजपाइयों ने सुनी मोदी के मन की बात

**महासमुंद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात का 133वां एपिसोड का प्रसारण रविवार को इमलीभाठा शक्ति केंद्र के बूथ क्रमांक 186 में भाजपा जिलाध्यक्ष ऐतराम साहू की उपस्थिति में देखा गया। साथ में नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिक्का, शिक्षा प्रकोष्ठ प्रदेश मीडिया प्रभारी एमआर विश्वनाथन, महिला मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुजाता विश्वनाथन, पार्षद माखन पटेल, बूथ अध्यक्ष हनीश बग्गा, दिनेश बेहरा, नईम खान, विजयलक्ष्मी, गौरव राठी, रेणु गोपाल सहित वार्डवासी उपस्थित थे।

### पूर्व सैनिक को पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि



**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के शहीद स्मारक में शनिवार को शाम 6 बजे पूर्व सैनिक पंकज चंद्राकर की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर पूर्व सैनिक संगठन और नागरिकों ने एकत्रित होकर उनके सर्वोच्च बलिदान को याद किया और पुष्पांजलि अर्पित की। रायपुर जिला पूर्व सैनिक संगठन ने पंकज चंद्राकर की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित दी।

## निधन

### पुनई बाई साहू



**महासमुंद।** ग्राम मचेवा निवासी पुनई बाई साहू (70) का 26 अप्रैल को निधन हो गया। वह रामप्यारे साहू की पत्नी व उमेश, हरी, छबि साहू की मां थीं। उनका अंतिम संस्कार मचेवा स्थित मुक्तिधाम में शाम 5 बजे किया गया। इस दौरान गणमान्य जन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# पंजाब में आगामी विधानसभा चुनाव के लिए मिली जिम्मेदारी : अंकित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अंकित बागबाहरा ने बताया कि विगत दिनों पूर्व मुख्यमंत्री व अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय महासचिव व पंजाब के प्रभारी भूपेश बघेल द्वारा उन्हें पंजाब में विशेष जवाबदारी देकर तत्काल प्रभाव से पंजाब प्रदेश में कांग्रेस पार्टी के लिए कार्य करने के लिए आदेश पत्र सौंपा गया है।

अंकित बागबाहरा ने कहा कि उन्हें पंजाब के संबंधित क्षेत्रों में आसन्न विधानसभा चुनावों को देखते हुए संगठन की संरचना का निर्माण सहित कई अहम जवाबदारियां सौंपी गई है। उनकी इस नियुक्ति से महासमुंद जिले में हर्ष की लहर है। साथ ही प्रदेश कांग्रेस प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैंदु, कई जिलों के जिलाध्यक्ष सहित महासमुंद जिलाध्यक्ष द्वारिकाधीश यादव, सरायपाली विधायक चातुरी नंद, पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर, पूर्व जिलाध्यक्ष आलोक चंद्राकर, बसंता ठाकुर, तेजन चंद्राकर, ब्लॉक अध्यक्षगण करण दीवान, खेमराज सिन्हा, देवनाथ साहू, लखबीर छाबड़ा, जनपद सदस्य, पार्षद, पार्षद प्रत्याशी, जिला पंचायत प्रत्यशियों सहित सरपंच व कांग्रेस पार्टी के आधार स्तंभ पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष बहन दुर्गा सागर, सेवा दल जिला संयोजक नितेंद्र बेनर्जी, किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष मानिक साहू, संजय अग्रवाल, ओमप्रकाश चक्रधारी, पूनम मानिकपुरी, रेशम चक्रधारी, रामकुमार



पटेल, पप्पू साहू, प्रमेंद्र राजपूत, दुलार यादव, मोहन ठाकुर बगैरपाली, देवराज ठाकुर, मोतीलराम जांगड़े, मुकेश साहू, योगेश्वर साहू, राजू यादव, बजरंगी यादव, हीरा दास टंडन, कोमल साहू, इंद्रा चौहान, चयन चंद्राकर, कबीर साहू, मुकेश ठाकुर, वाजिद खान, उमेश जैन, किशोर चतुर्वेदी, रामलाल नायक, सन्नी केशवानी, राजेश राजपूत, पोखन, चंदूलाल साहू, कोमल माहानन्द, जित्तू क्षत्रि, संजय चंद्राकर,राहुल अग्रवाल, अनिल पुजारा,नवनीत सलूजा, फिरोज मेमन, विष्णु महानंद, जुगराज बघेल, अभिषेक यादव, राकेश शर्मा, संतोष वास्तव, पंकज हरपाल, मिथुन आमिर, शिवा जगत, अशोक अग्रवाल, वीरेंद्र शुक्ला, प्रीतम साहू, पप्पू शर्मा, दिगेश्वर देवांगन, राजकुमार ध्रुव, कमलेश साहू, छोटू मोहम्मद, नंदू चंद्राकर, सेवा राम साहू, माखन चक्रधारी, परस सोनवानी, रामराज चौबे, हितेश साहू, मनहरन गुप्ता, शांत साहू, सुरेश सहीस, बालकृष्ण चंद्राकर, हुलास चंद्राकर, कांति तिवारी, अनुकी सेन, डुमरौतिन ठाकुर, ललित बया, राहुल कुलदीप, राजेश सोनी, आशीष दीवान, सुरेश पटेल, माखन सोन, गोकुल साहू, सुनील ब्यौहार, केवल यादव, राजा दुआ, राजा कोहली, देवानंद साहू, मनोहर ठाकुर, डाकेश्वर यादव, मनोहर पटेल जीवन जगत, टोपसिंह ठाकुर, ओंकार ठाकुर, तूफान दीवान, हसलेख यादव, मुंशी साहू, विनोद मरकाम, जीवन नायक सहित कई इष्ट मित्रों ने हर्ष जताया है। अंकित ने कहा कि छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री, कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं पंजाब के प्रभारी भूपेश बघेल द्वारा असम विधानसभा चुनाव के तत्काल बाद पंजाब प्रदेश में आसन्न विधानसभा चुनाव के लिए एक बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। जबावदारी मिलते ही अंकित पंजाब पहुंच अपना काम शुरू कर चुके हैं। अंकित ने इस विश्वास और भरोसे के लिए पूर्व सीएम भूपेश बघेल का आभार जताया है। साथ ही विनोद वर्मा के मार्गदर्शन में श्रेष्ठ कार्य करने की बात कहीं।

### आयोजन : सर्व ब्राह्मण समाज ने निकाली शोभायात्रा, किया पूजन

# बागबाहरा में धूमधाम से मनाया गया भगवान परशुराम का प्रकटोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बागबाहरा

स्थानीय सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा नगर में भगवान परशुराम प्रकटोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर शोभायात्रा सामूहिक पूजन सहित महाप्रसादी आदि कार्यक्रम हुए। वही ह्यूमन प्राइड स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में विधायक द्वारिकाधीश यादव, नपाध्यक्ष खिलेश्वरी बघेल सहित उपाध्यक्ष देवेश साहू एवं पार्षदों की उपस्थिति में गत दिनों परिषद में पारित हयूमन प्राईड स्कूल के सामने चौक को भगवान परशुराम चौक के नामकरण प्रस्ताव पर चौक के नामकरण पट्टिका पूजन व लोकार्पण किया। इस अवसर पर बड़ी संस्था में सामाजिकजनों ने भाग लिया।

इस अवसर पर अपने उद्बोधन विधायक द्वारिकाधीश यादव ने भगवान परशुराम के बारे में कहा कि वे ब्राह्मण ऋषि होते हुए क्षत्रिय के समान पराक्रमी थे, जिन्होंने अत्याचार के विरूद्ध शस्त्र उठाया। उन्होंने कहा कि भगवान विष्णु के छठें अवतार परशुराम ने शिव कि भक्ति कर परशु नामक अस्त्र प्राप्त किया, जिसे वे धारण करते थे तभी उनका नाम परशुराम पड़ा। ब्राह्मणों




के बारे उन्होंने कहा कि उन्हें सनातन धर्म की धुरी माना जाता है, जिनके बिना धर्म पालन कठिन है। उन्होंने कहा कि कई ऋषि मुनि हुए, जिनके ज्ञान के आगे विज्ञान अभी तक पहुच नही पाया। ब्राह्मणों के प्राचीन काल से ही ज्ञान अर्जित कर अध्यन कर समाज को शिक्षा देना मुख्य कार्य रहा। समाज को सही दिशा देने और नैतिक मूल्यों को बनाए रखने में सदैव मुख्य भूमिका रही, जिसकी वजह से इनका स्थान समाज में महत्वपूर्ण रहा है। माता-पिता के बाद ब्राह्मण ही है, जिनकी शिक्षा से ज्ञान से देश में संस्कृति एवं परिवार संस्कारित होता है।

नगर में भगवान परशुराम चौक के लिए नगर पालिका परिषद द्वारा संकल्प पारित किए जाने को लेकर आभार व्यक्त करते हुए एवं आशा व्यक्त कि ब्राह्मण समाज का प्रयास रहेगा तो अगले साल परशुराम जयंती पर यहां सुंदर चौक एवं परशुराम की प्रतिमा स्थपित हो जाएगी। उन्होंने कहा कि हमारा भी सदैव सहयोग रहेगा।

नपा अध्यक्ष खिलेश्वरी बघेल ने परशुराम की जीवन पर प्रकाश डालते कहा कि हमें खुशी होगी कि परिषद आप लोगों के लिए सतत सहयोगी रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे समाज के अध्यक्ष हरीश पांडेय ने परशुराम चौक नामकरण के लिए विधायक एवं नगर पालिका परिषद पदाधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में सहयोग करने की आशा व्यक्त की। इस अवसर पर उपाध्यक्ष देवेश साहू, पार्षदगण शैलेष साहू, प्रीति महेंद्र गुप्ता, मंताराम यादव, रमेश ठाकुर, मिथुन अमीर पोखराजा साहू आदि उपस्थित थे। उपस्थित अतिथियों ने चौक पर लगने वाली भगवान परशुराम चौक नाम की पट्टिका का पूजन कर उसे मंच से लोकार्पित किया। इसके पूर्व प्रकटोत्सव अवसर पर भगवान परशुराम का पूजन समाज के हरीश पांडेय, रामजी तिवारी, राधिका प्रसाद दुबे, रूपेश तिवारी राजनारायण शुक्ला, उल्लास दास, प्रमोद दास आदि ने किया, जिसे पं. नरेंद्र दुबे सहित पं बसंत कुमार दुबे, शास्त्री लक्ष्मीनारायण तिवारी, पं. केशव पांडे ने संपादित किया। सायंकाल स्थानीय दुर्गा मंदिर के सामने से शोभायात्रा निकली, जिसका विभिन्न सथानों पर आरती उतार कर स्वागत किया गया। कांग्रेस कमेटी शहर द्वारा विधायक द्वारिकाधीश की उपस्थिति में स्वागत जल पान कराया। उसके आलावा अग्रवाल समाज, सिख समाज द्वारा भी जल पान के साथ शोभायात्रा का स्वागत किया गया। शोभायात्रा मुख्य मार्ग से होते हुए कार्यक्रम स्थल पर पहुंची। शोभायात्रा में महिलाओं, युवक-युवतियों, बच्चों सहित पुरूष वर्ग भी बड़ी संख्या में शामिल थे। कार्यक्रम स्थल पर बच्चों ने जंपिंग सहित मिक्की माउस जंपिंग का आनंद जमकर उठाया तथा भंडारे में महाप्रसादी ग्रहण किया। सर्व ब्राह्मण की ओर से कार्यक्रम में शामिल होने वाले बंधुओं, कार्यक्रम के लिए उपलब्ध कराने के लिए हरगोविंद प्रसाद मिश्रा, धनंजय मिश्रा एवं शोभायात्रा का स्वागत करने वाले समाजों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# विधायक ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात का किया श्रवण



हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

रविवार को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 133वें एपिसोड का प्रसारण हुआ। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने पारिवारिक वैवाहिक कार्यक्रम के बीच प्रधानमंत्री के मन की बात का श्रवण किया। इस बार भी प्रधानमंत्री ने अलग-अलग क्षेत्रों एवं विषयों के बारे में चर्चा की। सबसे पहले उन्होंने देश में चल रहे जनगणना का उल्लेख किया।

उन्होंने कहा कि हमारे देश में इस समय एक बहुत अहम अभियान चल रहा है, जिसके बारे में हर भारतीय को जानकारी होनी जरूरी है। ये है जनगणना का अभियान, यह दुनिया की सबसे बड़ी जनगणना है। जिन राज्यों में स्व-गणना का काम पूरा हो गया है, वहां घरों की लिस्टिंग का काम जारी है। अब तक लगभग 1 करोड़ 20 लाख परिवारों के मकान की लिस्टिंग का काम पूरा भी हो चुका है। उन्होंने बताया कि आप खुद भी अपनी जानकारी दर्ज कर सकते हैं। आप अपने समय के अनुसार जानकारी भर सकते हैं। प्रक्रिया होने पर आपको एक विशेष आईडी मिलती है। ये आईडी आपके मोबाइल या ईमेल पर आती है। बाद में जब कर्मचारी आपके घर आता है, तो आप यही आईडी दिखाकर जानकारी की पुष्टि कर सकते हैं। इससे दोबारा जानकारी देने की जरूरत नहीं पड़ती। इसके साथ ही उन्होंने बुद्ध पूर्णिमा को लेकर कहा कि मई महीने की शुरुआत एक पावन अवसर के साथ होने जा रहा है। कुछ ही दिनों में हम बुद्ध पूर्णिमा मनाएंगे। उन्होंने देशवासियों को अग्रिम शुभकामनाएं भी दी। आगे कहा कि भगवान गौतम बुद्ध ने हमें सिखाया है कि शांति हमारे भीतर से शुरु होती है, उन्होंने बताया है कि स्वयं पर विजय सबसे बड़ी विजय होती है।

### अन्य विषयों पर की चर्चा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बताया कि कच्छ के रण में बरसात खत्म होते ही हर साल लाखों फ्लेमिंगो यहां आते हैं। पूरा इलाका गुलाबी रंग से रंग जाता है। इसलिए इसे फ्लेमिंगो सिटी कहा जाता है। साथ ही पवन ऊर्जा के बारे में कहा कि पवन-शक्ति भारत के विकास की नई कहानी लिख रही है। भारत ने हाल ही में पवन ऊर्जा में बड़ी उपलब्धि हासिल की है। अब भारत का विंड एनर्जी जनरेशन कैपेसिटी 56 गीगावॉट से अधिक हो चुकी है। गुजरात, तमिलनाडु, महाराष्ट्र, राजस्थान देश के अनेक राज्य इस सेक्टर में अपना परचम लहरा रहे हैं। इसके अलावा उन्होंने बताया कि अंग्रेजों के बनाए कानून के हिसाब से बांस को पेड़ के रूप में परिभाषित किया गया था और इससे जुड़े नियम बहुत कड़े थे। कहीं पर भी बांस को ले जाना बहुत मुश्किल था। आगे कहा कि साल 2017 में कानून में बदलाव करके हमने बांस को पेड़ की कैटेगरी से बाहर किया। जिसके नतीजे सबके सामने हैं, आज पूरे नार्थ ईस्ट में बंबू सेक्टर फल फूल रहा है।

## पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव का नपाध्यक्ष ने किया स्वागत



**महासमुंद।** नगर पंचायत तुमगांव के तुमगांव चौक में नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू के नेतृत्व ने युवा कार्यकर्ताओं ने पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव का भव्य स्वागत किया गया। सिंहदेव जिले के प्रवास पर थे। अपने स्वागत से अभिभूत सिंहदेव ने युवाओं से पार्टी की मजबूती व जनहित के मुद्दों को लेकर सक्रिय रहने की बात कही। इस अवसर पर कपिल साहू पूर्व जनपद सदस्य, हर्ष शर्मा, शाहबाज़ राजवानी जिलाध्यक्ष एनएसयूआई, सौरभ लोधी अध्यक्ष युवा कांग्रेस विधानसभा, रत्नेश साहू, सीतेश राज साहू, सिद्धांत साहू, रत्न पाल, दामू साहू, डेविड तेलक आदि उपस्थित थे।

# परशुराम जन्मोत्सव 29 व 30 को, विधायक पुरंदर होंगे मुख्य अतिथि

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पिथौरा (ग्रामीण)

सर्व ब्राह्मण समाज पिथौरा द्वारा भगवान विष्णु के छठें अवतार भगवान परशुराम के जन्मोत्सव एवं उपनयन (जनेऊ) संस्कार का दो दिवसीय आयोजन 29 व 30 अप्रैल को परशुराम चौक स्थित ब्राह्मण समाज भवन में किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर समाज में उत्साह का माहौल है।

सर्व ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष गोपाल शर्मा ने बताया कि 29 अप्रैल को प्रातः 10 बजे मंडपाच्छादन, स्वस्तिवाचन, गौरी-गणेश पूजन एवं भगवान परशुराम पूजन होगा। दोपहर 3 बजे हरिद्रालेपन व यज्ञोपवीत संस्कार आयोजित किया जाएगा। शाम 5 बजे मेहंदी प्रतियोगिता, थाली सजावट, एक मिनट प्रतियोगिता एवं बच्चों की डांस प्रतियोगिता होगी, जबकि रात्रि 9 बजे रामायण पाठ का आयोजन किया जाएगा। द्वितीय दिवस 30 अप्रैल को प्रातः 10 बजे भगवान परशुराम के जीवन पर व्याख्यान, वेदारंभ संस्कार एवं समावर्तन संस्कार संपन्न होंगे। शाम 5 बजे धुमाल कीर्तन पार्टी के साथ भव्य आतिशबाजी एवं शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो



ब्राह्मण धर्मशाला से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए आकर्षक रथ में विराजमान भगवान परशुराम के जयघोष के साथ नगर भ्रमण करेगी।

समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि इस अवसर पर पूरे नगर को भगवा ध्वज, बैनर और पोस्टरों से सजाया जाएगा।

रंग-बिरंगी गगनचुंबी आतिशबाजी आयोजन का विशेष आकर्षण होगी। शोभायात्रा के पश्चात विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा तथा समाज के उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों का सम्मान भी किया जाएगा। युवा ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि जिन परिवारों को उपनयन (जनेऊ) संस्कार कराना है, वे 28 अप्रैल तक पंजीयन करवा सकते हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रायपुर उत्तर विधानसभा के विधायक पुरंदर मिश्रा शामिल होंगे। इसके अलावा क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं महासमुंद जिले सहित प्रदेशभर से बड़ी संख्या में विप्रजन उपस्थित रहेंगे। आयोजन को सफल बनाने में गोपाल शर्मा, नगर पंचायत पिथौरा के उपाध्यक्ष वीरेंद्र तिवारी, अंजलि पांडे, आशीष शर्मा, आकाश मिश्रा, जयप्रकाश अवस्थी, मनोरमा पांडे, राजकुमार उपाध्याय, राजा शुक्ल, स्वतंत्र पांडे, विनोद पांडे सहित समाज के अनेक पदाधिकारी सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं।

# श्रीमद भागवत कथा में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब, ध्रुव चरित्र का किया श्रवण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

- प्रह्लाद भक्ति, वामन अवतार और श्रीराम-कृष्ण प्राकट्य की जीवंत झांकी

शहर के पंजाबी पारा स्थित वार्ड क्रमांक 23 में आयोजित श्रीमद भागवत महापुराण कथा ज्ञान सप्ताह में प्रतिदिन श्रद्धालुओं की बढ़ती उपस्थिति के साथ भक्ति और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। कथा के तृतीय एवं चतुर्थ दिवस पर प्रस्तुत प्रसंगों ने श्रद्धालुओं को गहरे आध्यात्मिक भाव में डुबो दिया।

कथा के तृतीय दिवस आचार्य नारायण दास वैष्णव ने ध्रुव चरित्र, जड़ भरत चरित एवं अजामिल





चरित का अत्यंत रोचक, मार्मिक और शिक्षाप्रद वर्णन किया। उन्होंने बताया कि अटूट भक्ति और दृढ़ संकल्प से बालक ध्रुव ने परम धाम को प्राप्त किया, वहीं जड़ भरत की कथा से वैराग्य और आत्मज्ञान का संदेश मिलता है। अजामिल चरित के माध्यम से उन्होंने नाम-स्मरण की महिमा का वर्णन करते हुए बताया कि अंत समय में भी प्रभु का स्मरण जीवन को पावन बना देता है।

चतुर्थ दिवस पर प्रह्लाद चरित्र, वामन अवतार एवं श्रीराम-कृष्ण प्राकट्य उत्सव का अत्यंत सुंदर और जीवंत चित्रण किया गया। कथा के दौरान वामन अवतार की मनोहारी झांकी प्रस्तुत की गई, जिसे देखकर श्रद्धालुगण भाव-विभोर हो उठे। वातावरण हरि बोल और जय श्रीराम के जयघोष से गूंजायमान हो गया। आचार्य नारायण दास वैष्णव ने अपने मुखारविंद से अत्यंत मार्मिक, रोचक एवं सरस वाणी में इन दिव्य प्रसंगों का वर्णन किया। उन्होंने विशेष रूप से मां की महिमा का भी बड़े ही सुरुचिपूर्ण और भावपूर्ण ढंग से वर्णन करते हुए बताया कि मां का स्थान संसार में सर्वोच्च है, जिनकी कृपा से ही जीवन में संस्कार और सद्गुणों का विकास होता है। कथा में प्रतिदिन श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ़ रही है। हर वर्ग और धर्म के लोग कथा श्रवण के लिए पहुंच रहे हैं। पंजाबी पारा मोहल्ला सहित शहर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित होकर कथा का आनंद ले रहे हैं।

ज्ञात हो कि कथा का आयोजन भीषण गर्मी को देखते हुए प्रतिदिन शाम 4 बजे से किया जा रहा है। आयोजन में परायणकर्ता पं. हेमंत दास वैष्णव (महासमुंद) एवं पं. सूरज दास वैष्णव (चिंगरौद) की विशेष भूमिका रही।

अंत में पूजा के अवसर पर शहर के महाकाल आरती ग्रुप द्वारा महाकाल आरती डमरू के माध्यम से किया, जिससे दर्शकों में एक नया उत्साह और रोमांच पैदा हुआ। आगामी दिवस में रुक्मिणि विवाह का पावन प्रसंग होगा। आयोजनकर्ता प्रेमशीला -पोषण साहू एवं समस्त क्षेत्रवासियों के सहयोग से यह आध्यात्मिक आयोजन किया जा रहा है।

